म.प्र.राज्य कृषि उद्योग विकास निगम मर्या.
(म.प्र.शासन का उपक्रम)
पंचानन भवन, तृतीय तल, मालवीय नगर, भोपाल &462003
**Email : mpagrohobpl@gmail.com,**
**Phone No (0755)- 2551652/ 2551756**
**CIN NO-UO1119mp1969GC001055**

# पोषण आहार संयंत्र बाड़ी

# मे

# उपलब्ध साम्रग्री विक्रय करने हेतु निविदा प्रपत्र

## ऑन लाईन निविदा
## अंतिम दिनांक 15.01.2025

एम.पी.स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
पंचानन भवन, तृतीय तल, मालवीय नगर, भोपाल–462003
☎- 0755- 2551652, 2551756 Fax - 0755 2557305 email - mpagrohobpl@gmail.com
website : www.mpagro.org - CIN No. U01119MP1969SGC001055

M P AGRO

क्र./मुख्या/ पोषण आहार /2024–25/3406 दिनांक 24.12.2024

निविदा सूचना

निगम के पोषण आहार संयंत्र बाड़ी में उपलब्ध कोयला, खाद्य सामग्री जैसे – एफआरके, गरम मसाला, मूंग दाल, सोया फ्लोर, सोया ग्रिट, शक्कर, पैकिंग सामग्री जैसे– खिचडी बैग, बाल अहार बैग, खिचडी फिल्म, सबला बर्फी फिल्म, बारदाने जैसे – एचडीपीई, जूट बारदाना दूध पाउडर बारदाना, शक्कर/दाल के बारदाने, प्रिंटिग इंक, टी.टी.ओ प्रिंटर रिबन, मुर्गीदाना आदि स्कंध में उपलब्ध सभी सामग्रियों का यथास्थिती विक्रय किया जाना है । विस्तृत जानकारी जिसमें सामग्रियों की सूची उपलब्ध है, www.mptenders.gov.in तथा निगम की वेबसाईट www.mpagro.org से प्राप्त कर सकते है। दस्तावेज www.mptenders.gov.in से ही डाउनलोड किए जा सकेंगे तथा वेबसाइट के माध्यम से प्रस्तुत किया जाना होगा।

निर्दिष्ट अहर्ताएं पूर्ण करने वाले निविदाकारों से ई–निविदा के अन्तर्गत दर प्रस्ताव संकल्प धनराशि के साथ दिनांक 15.01.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा प्रपत्र में कोई संशोधन/परिवर्तन किये जाने की सूचना केवल ई–निविदा पोर्टल/वेबसाईट पर अपलोड की जाएगी।

प्रबंधक (पोषण आहार)

एम.पी.स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
पंचानन भवन, तृतीय तल, मालवीय नगर, भोपाल–462003
- 0755- 2551652, 2551756 Fax - 0755 2557305 email - mpagrohobpl@gmail.com
website : www.mpagro.org - CIN No. U01119MP1969SGC001055

M P AGRO

## विस्तृत निविदा सूचना

निगम द्वारा बाडी, जिला रायसेन ( मध्यप्रदेश ) में स्थापित पूरक पोषण आहार संयंत्र के संचालन के दौरान खरीदी गयी कोयला, खाद्य सामग्री जैसे – एफआरके, गरम मसाला, मूंग दाल, सोया फ्लोर, सोया ग्रिट, शक्कर, पैकिंग सामग्री जैसे– खिचडी बैग, बाल अहार बैग, खिचडी फिल्म, सबला बर्फी फिल्म, बारदाने जैसे – एचडीपीई, जूट बारदाना दूध पाउडर बारदाना, शक्कर/दाल के बारदाने, प्रिंटिग इंक, टी.टी.ओ प्रिंटर रिबन, मुर्गीदाना आदि के विक्रय करने हेतु निविदा प्रपत्र में निर्धारित की गई शर्तो को पूर्ण करने वाले वैध निविदाकारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। संयंत्र में उपलब्ध सामग्रीवार स्कंध निम्नानुसार है :–

| क. | सामग्री | मात्रा | ई.एम.डी |
|---|---|---|---|
| 1. | Bal Aahar Bag | 332.00 KG | Rs 10000 /- |
| 2. | Barfi Bags | 787.00 KG | |
| 3. | Halwa Bags | 735.00 KG | |
| 4. | Khichdi Bag 625gm | 7.00 KG | |
| 5. | Khichdi Bag 750gm | 5.00 KG | |
| 6. | Khichdi Bag 900gm | 55.09 KG | |
| 7. | Laddu Bags | 380.00 KG | |
| 8. | Sabla Barfi Bags | 94.84 KG | |
| 9. | Bal Aahar Film | 2066.04 KG | |
| 10. | Barfi Film | 2464.66 KG | |
| 11. | BARFI OLD FILM | 3509.77 KG | |
| 12. | Halwa Film | 3431.80 KG | |
| 13. | HALWA OLD FILM | 3204.19 KG | |
| 14. | Khichdi Film 625 Gm | 181.00 KG | |
| 15. | Khichdi Film 625gm Old Film | 974.60 KG | |
| 16. | Khichdi Film 750 Gm | 51.02 KG | |
| 17. | Khichdi Film 750gm Old Film | 852.50 KG | |
| 18. | Khichdi Film 900 Gm | 430.86 KG | |
| 19. | Laddu Film | 1431.10 KG | |
| 20. | Laddu Old Film | 365.52 KG | |
| 21. | Sabla Barfi Film | 411.64 KG | |
| 22. | Sabla Barfi Olf Film | 109.00 KG | |

| क. | सामग्री | मात्रा | ई.एम.डी |
|---|---|---|---|
| 1. | Make Up | 4 NO. | RS 10,000/- |
| 2. | Printing Ink | 6 NO. | |
| 3. | Thiner | 13 NO. | |
| 4. | Thread | 414 NO. | |
| 5. | TTO PRINTER RIBBON | 88 NO. | |

| क. | सामग्री | मात्रा | ई.एम.डी |
|---|---|---|---|
| 1. | COAL | 26.595 MT | RS 25,000/- |

| क. | सामग्री | मात्रा | ई.एम.डी |
|---|---|---|---|
| 1. | FORTIFIED RICE KERNAL P1 | 0.84 KG | RS 25,000/- |
| 2. | FORTIFIED RICE KERNAL P2 | 6.57 KG | |
| 3. | FORTIFIED RICE KERNAL P3 | 39.00 KG | |
| 4. | GARAM MASALA | 5.77 KG | |
| 5. | Gram Dal | 2.83 QTL | |
| 6. | HALDI POWDER | 9.67 KG | |
| 7. | MILK POWDER | 258.00 KG | |
| 8. | MIRCH POWDER | 8.00 KG | |
| 9. | MOONG DAL | 35.62 QTL | |
| 10. | SALT | 66.00 KG | |
| 11. | SOYA FLOUR | 27.79 QTL | |
| 12. | SOYA GRIT | 11.64 QTL | |
| 13. | SUGAR | 12.67 QTL | |
| 14. | MURGI DANA | 54.30 QTL | |
| 15. | VITAMIN PREMIX | 6534.58 KG | |

| क. | सामग्री | मात्रा | ई.एम.डी |
|---|---|---|---|
| 1. | HDPE BAG | 290 .00 BUNDLE | RS 25,000/- |
| 2. | JUTE BAG | 800.00 BUNDLE | |
| 3. | HDPE BAG (SUGAR/DAL) | 1532.00 BUNDLE | |
| 4. | MILK POWDER BAGS | 580.00 BUNDLE | |
| 5. | HDPE BAG (FCI) | 290 .00 BUNDLE | |
| 6. | JUTE BAG | 800.00 BUNDLE | |
| 7. | HDPE BAG (SUGAR/DAL) | 1532.00 BUNDLE | |
| 8. | MILK POWDER BAGS | 580.00 BUNDLE | |

उपरोक्त सामग्री का विक्रय **''जहॉ है जैसी है''** के आधार पर किया जाना है। उपरोक्त सभी सामग्री खाद्य रूप से उपयोगी नही पाया गया है, पशु आहार व अन्य उपयोग के

लिए उपयुक्त हो सकता है। सामग्री का क्रय हेतु इच्छुक निविदाकार निविदा प्रपत्र का क्रय online पद्धति से, www.mptender.gov.in से, किया जाकर निविदा प्रपत्र पूर्ण जानकारी के साथ दिनॉक 15.01.2025 को अपरान्ह् 02.00 बजे तक अपलोड किए जा सकेंगे। अपलोड किए गये निविदा प्रपत्र उसी दिनांक को अपरान्ह् 3.00 बजे कम्प्यूटर कक्ष द्वारा खोले जाएंगे। निविदा की विस्तृत शर्तों का विवरण उपरोक्त वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है। यदि निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो अथवा आगामी सूचना उपरोक्त वेबसाईट पर ही अपलोड किया जाएगा। इसके लिए अलग से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

निविदा प्रस्तुत किये जाने एवं प्रस्तुत किये जाने की तिथियां निम्नानुसार है :–

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन रेट कान्ट्रेक्ट ऑफर प्रपत्र का मूल्य | **राशि रू 5900 / – GST सहित** |
| आन लाईन निविदा पत्र का क्रय | www.mptenders.gov.in पर आवश्यक प्रोसेसिंग फीस का भुगतान कर दिनांक 15.01.2025 को अपरान्ह् 2.00 बजे तक |
| संकल्प धन राशि (EMD) | सामग्रियों के सूची में उल्लेखित है। |
| ऑनलाइन निविदा वेबसाईट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय सीमा | दिनांक 15.01.2025 अपरान्ह् 2.00 बजे तक |
| प्री–बिड मीटिंग | दिनांक 10.01.2025 अपरान्ह 12.00 बजे एम.पी. स्टेट एग्रो इण्ड. डेव्ह. कार्पो. लि. पंचानन भवन तृतीय तल मालवीय नगर भोपाल में विभागाध्यक्ष (पोषण आहार) के कक्ष में होगी । |
| निविदा में सुझाव / आपत्ति प्रस्तुत करने की तिथि | दिनांक 10.01.2025 अपराहन 05.00 बजे |
| प्री–बिड मीटिंग में प्राप्त सुझाव / आपत्ति पर समिति के निर्णय की जानकारी अपलोड किये जाने की तिथि | दिनांक 13.01.2025 को अपरान्ह् 5.00 बजे तक |
| ऑनलाइन तकनीकि निविदा के खोले जाने की निर्धारित तिथि एवं समय (ऑनलाइन अपलोड किये गये दस्तावेज अपठनीय होने की स्थिति में ऑफर को मान्य नही किया जाएगा) | दिनांक 15.01.2025 अपरान्ह 3.00 बजे |
| उपयुक्त पाये गये आफर के वित्तीय प्रस्ताव को खोला जाना | वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा। |

प्रबंधक (पोषण आहार)

**अनुसूची–1**

**पोषण आहार संयंत्र बाड़ी द्वारा खरीदी गयी सामग्रियों, शक्कर,, विभिन्न दाले मुर्गी दाना आदि के क्रय करने हेतु आवेदन प्रपत्र**

प्रति,

प्रबंध संचालक,
एम.पी स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन लिमिटेड
तृतीय तल पंचानन भवन,
मालवीय नगर, भोपाल ।

विषय– पोषण आहार संयंत्र बाड़ी द्वारा खरीदी गयी सामग्रियों, शक्कर, विभिन्न दाले, कोयला, मुर्गी दाना, पैकिंग मेटिरियल आदि का क्रय हेतु निविदा हेतु आवेदन पत्र

महोदय,

निगम द्वारा स्थापित पोषण आहार संयंत्र बाड़ी द्वारा खरीदी गयी सामग्रियों के विक्रय हेतु जारी निविदा में उल्लेखित सामग्रियों के क्रय करने हेतु निविदा प्रस्तुत की जा रही है। हमारी फर्म का विवरण निम्नानुसार है –

| **क्र0** | **विवरण** | **प्रस्तुत विवरण** |
|---|---|---|
| 1 | व्यक्ति /निजी कंपनी, निजी/ पार्टनरशिप फर्म/अन्य फर्म | |
| 2 | फर्म के पत्र व्यवहार का पूर्ण पता | . |
| 3 | निविदा प्रस्तुत करने/हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत व्यक्ति का नाम | |
| 4 | दूरभाष क्रमांक<br>मोबाईल क्र0<br>फैक्स क्रमांक<br>Email | |
| 5 | पेन नंबर | . |
| 6 | GST नंबर /निजी कंपनी, निजी/ पार्टनरशिप फर्म/अन्य फर्म होने की दशा में | . |
| 7 | निविदा पत्र का मूल्य GST सहित राशि रू 5900/– | To be Submitted Online |
| 8 | **संकल्प धन राशि (EMD)**<br>( पृष्ठ क्र. 3–4 में उल्लेखित अनुसार ) | To be Submitted Online |
| 9 | निविदा प्रपत्र के पृष्ठ क्रमांक 1 से 10 के प्रत्येक पृष्ठ में हस्ताक्षर कर सील सहित, फोटो प्रति अपलोड करे।<br>**वित्तीय निविदा (पृष्ठ क्रमांक 11 एवं 12) की फोटो प्रति अपलोड नही की जाना है।** | कुल 12 पृष्ठ अपलोड किया जा रहा है। |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम ..................................

M P AGRO

दि एम.पी.स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रीज डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन
पंचानन भवन, तृतीय मंजिल, मालवीय नगर, भोपाल

## पोषण आहार संयंत्र बाड़ी में उपलब्ध सामग्री के विक्रय हेतु निविदा की सामान्य शर्तें

1. निविदा सूचना एवं में वर्णित सामग्री निगम के पोषण आहार संयंत्र बाड़ी में भंडारित है।
2. प्रत्येक निविदाकर्ता से अपेक्षा की जाती है कि वह अपनी दर प्रस्तुत करने के पूर्व पोषण आहार संयंत्र बाड़ी में भंडारित सामग्री का भलीभांति निरीक्षण कर लेवें। निविदा स्वीकृत होने के उपरांत किसी प्रकार की आपत्ती/दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
3. निविदा में उल्लेखित सामग्री में से निविदाकार उसकी आवश्यकता के अनुसार एक या अधिक सामग्रियों के लिये दरें प्रस्तुत कर सकता है।
4. संकल्प धनराशि :–

   4.1 निगम द्वारा सभी सामग्रियों हेतु एक ही संकल्प धनराशि निर्धारित की गई है।

   4.1 संकल्प धनराशि ऑनलाईन जमा की जानी होगी।

   4.2 बिना संकल्प धनराशि के कोई भी ई–निविदा ऑनलाईन जमा नहीं हो सकेगी।
5. आन लाईन निविदा को प्रस्तुत किया जाना :–

   5.1 पृष्ठ क्रमांक 5 पर उल्लेखित समय सीमा में निविदा प्रपत्र का क्रय करना, उसे जमा करना अनिवार्य है । इसमें उल्लेखित किसी भी प्रकार तिथी / समय का कोई परिवर्तन होने की स्थिती में इसकी सूचना निगम की बेबसाईट पर किया जायेगा। यदि निर्धारित दिनांक को शासकीय अवकाश घोषित होता है तो उसे आगामी कार्य दिवस में समान समय पर कार्यवाही की जावेंगी।

   5.2 निविदाकर्ता द्वारा ई–निविदा में भाग लेने हेतु निविदा प्रपत्र हेतु राशि रू. 5900/– (जी.एस.टी. सहित) ऑनलाईन जमा करेंगें।

   5.3 निविदाकर्ता ई–निविदा के सभी पृष्ठ एवं न्यूनतम आर्हता के समस्त दस्तावेज पर स्वयं के हस्ताक्षर, नाम एवं सील अंकित करेंगे एवं स्पष्ट स्केन्ड कापी को ई–निविदा में अपलोड करेंगे।

   5.4 निजी व्यक्ति द्वारा निविदा में भाग लेने हेतु आधार कार्ड एवं पेन कार्ड की स्व–प्रमाणित प्रति अथवा फर्म/कम्पनी की ओर से निविदा में भाग लेने हेतु फर्म/कम्पनी का पेन कार्ड एवं GSTN की स्व–प्रमाणित छाया प्रति निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाईन अपलोड करना आवश्यक होगा। उक्त जानकारी के अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी । कम्पनी के प्रकरण में निविदा प्रस्तुत करने व निविदा हस्ताक्षरित करने हेतु अधिकृत व्यक्ति के संबंध में सक्षम अधिकारी/संचालक मंडल के निर्णय की प्रति निविदा प्रपत्र के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक है।

## 6. निविदा को खोला जाना एवं स्वीकार  करना :–

6.1 आनलाईन निविदा को निर्धारित दिनांक एवं समय तक ऑनलाईन जमा की जायेगी एवं निर्धारित दिनांक को अपरान्ह 3.00 बजे निगम के कम्प्यूटर कक्ष द्वारा खोली जायेगी।

6.2 निविदा के तकनीकी बिड में प्राप्त समस्त तकनीकी आर्हताओं की पूर्ति करने वाले निविदाकार की ऑनलाईन वित्तीय बिड निगम द्वारा तकनीकी बिड पर अंतिम निणर्य  लिये जाने के पश्चात खोली जायेगी। वित्तीय बिड खोले जाने के दिनांक एवं समय की सूचना वेबसाईट www.mptenders.gov.in एवं www.mpagro.org पर प्रदर्शित की जायेगी।

6.3 यदि निगम आवश्यक समझेगा, तो निविदाकारों से दरों पर चर्चा (**Negotiation**) कर सकेगा। दर चर्चा सर्वप्रथम **अधिकतम दर प्रस्तुत करने वाले** निविदाकार से की जाएगी असहमति होने की दशा में यह दर चर्चा द्वितीय, तृतीय एवं आगे के अधिकतम दर देने वाले निविदाकर्ताओं से की जायेगी। निगम के प्रबंध संचालक को निगम के पक्ष में अधिकतम राशि प्राप्त करने हेतु कोई भी प्रकिया के निर्धारण का अधिकार होगा। कम राशि देने वाले निविदाकार को इस संबंध में आपत्ति लेने का अधिकार नहीं होगा। जिस अधिकतम दर पर निगम एवं निविदाकार की सहमति हो जाती है, उस निविदाकार को निगम द्वारा लिखित में निर्धारित प्रपत्र क.–2, पृष्ठ क.–9 अनुसार अनुबंध रू. 1000/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर टंकित एवं नोटराईज्ड कराकर निगम मुख्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

## 7 .अन्य विवरण:–

7.1 जिस निविदाकर्ता की आन लाईन निविदा स्वीकार की जायेगी उसे निगम द्वारा पत्र के माध्यम से एवं उपलब्ध कराये गये ई मेल पर सूचित किया जायेगा।

7.2 निविदा मान्य करने की सूचना–पत्र के दिन से 3 दिवस मे संबंधित निविदाकर्ता को प्रपत्र क. –2 के अनुसार रू. 1000/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर टंकित एवं नोटराईज्ड कराकर अनुबंध प्रस्तुत करना होगा (समस्त व्यय निविदाकार द्वारा किया जायेगा)। अनुबंध प्रस्तुत करने के पश्चात निविदाकार को अनुबंधकर्ता कहा जायेगा।

7.3 अनुबंध निष्पादित करने के साथ–साथ स्वीकृत राशि की 30 प्रतिशत राशि अनुबंधकर्ता द्वारा जमा करानी होगी। यह राशि संकल्प धनराशि के अतिरिक्त होगी। शेष 70 प्रतिशत राशि आगामी 7 दिवस (अर्थात अनुबंध की सूचना पत्र की दिनांक से 10 दिवस में) जमा करानी होगी। देय 70 प्रतिशत राशि में संकल्प धन राशि को समायोजित किया जावेगा। यदि निविदाकर्ता द्वारा उपरोक्तानुसार समय–सीमा में राशि जमा नहीं करायी जाती है, तो प्रत्येक दिवस एक प्रतिशत राशि पेनाल्टी के रूप में (निविदा की स्वीकृत राशि का) अतिरिक्त देना होगी। यह अवधि अधिकतम एक सप्ताह की होगी अन्यथा निगम  निविदा  के  साथ  जमा संकल्प धनराशि एवं 30 प्रतिशत राशि को जप्त कर लेगा तथा सामग्री को द्वितीय अधिकतम दर देने वाले (H2) अथवा बाजार में विकय करने के संबंध में आगामी कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र होगा।

7.4 अनुबंध निष्पादित होने एवं समस्त राशि जमा करने के पश्चात ही अनुबंधकर्ता को संबंधित सामग्री को संयंत्र से उठाने  का अधिकार प्राप्त होगा।

7.5 सामग्री उठाने के 1 दिवस पूर्व निविदाकार संयंत्र प्रभारी को सूचित करेगा जिससे संयंत्र में सामग्री उठाये जाने हेतु विधिवत व्यवस्था की जा सके।

7.6 ऐसे निविदाकार जिनकी निविदा स्वीकृत हुई है एवं वे निविदा स्वीकृति की सूचना प्राप्त होने पर सामग्री की पूर्ण राशि जमा कर सामग्री को एक मुश्त प्राप्त करना चाहते है वे इस

आशय की सूचना देते हुए निविदा स्वीकृत करने की सूचना पत्र के दिनांक से 3 दिवस में पूर्ण राशि जमा कर संयंत्र से सामग्री प्राप्त कर सकते है। ऐसे निविदाकार को अनुबंध की कार्यवाही करना आवश्यक नही रहेगी।

7.7 निगम द्वारा दर्शाई गई मात्रा एवं वास्तविक रूप से उपलब्ध मात्रा में भिन्नता हो सकता है अतः सामग्री का तौल कांटा कराते हुये वास्तविक वजन के आधार ही मात्रा को मान्य किया जावेगा।

78 अनुबंधकर्ता की निविदा स्वीकृत होने के उपरांत जब तक अनुबंधकर्ता सम्पूर्ण राशि कार्यालय में जमा नहीं कर देता इसके पूर्व तक यदि कोई प्राकृतिक आपदा के कारण सामग्री को कोई नुकसान होता है तो इसकी कोई भी भरपाई (**Compansation**) निगम द्वारा नहीं की जायेगी।

7.9 निविदाकार द्वारा सामग्री हेतु पूर्ण राशि जमा कराये जाने के उपरांत एक सप्ताह में सामग्री को संयंत्र से उठाया जाना आवश्यक है। यदि निविदाकार द्वारा सामग्री को समय सीमा में नहीं उठाया गया एवं प्राकृतिक आपदा के कारण सामग्री को कोई नुकसान होता है तो इसकी कोई भी भरपाई (**Compansation**) निगम द्वारा नहीं की जायेगी।

7.10 निर्धारित समय सीमा में सामग्री नहीं उठाये जाने की स्थिती में निर्धारित समय सीमा के उपरांत निगम द्वारा प्रत्येक सप्ताह के आधार पर भंडार शुल्क लिया जावेगा जिसका निर्धारण निगम के प्रबंध संचालक द्वारा किया जावेगा।

7.11 सामग्री को संयंत्र से उठाने की समस्त जिम्मेदारी निविदाकार की रहेगी। इसके लिये आवश्यक हम्माली परिवहन आदि व्यय एवं व्यवस्था का वहन निविदाकार को ही किया जाना होगा।

7.12 किसी प्रकार के प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष कर, यदि हो तो, स्वीकृत राशि के अतिरिक्त देय होगें जिसे अनुबंधकर्ता द्वारा प्रक्षेत्र प्रभारी के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा।

8. सामग्री उठाने की तिथि में सामान्य रूप से कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। अपरिहार्य कारणों से सामग्री उठाने के समय में वृद्धि के लिये यदि अनुबंधकर्ता द्वारा लिखित में आवेदन प्रस्तुत करने पर समय सीमा में वृद्धि करने अथवा न करने के संबंध में निगम के प्रबंध संचालक को अधिकार होगें। प्रबंध संचालक द्वारा लिये गये निर्णय पर किसी प्रकार की आपत्ति लेने का कोई अधिकार अनुबंधकर्ता को नहीं होगा।

9. निगम के प्रबंध संचालक किसी भी ई–निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत कर सकेगें।

10. अनुबंधकर्ता एवं संयंत्र प्रभारी में सामग्री को उठाने को ले कर प्रभारी में यदि किसी प्रकार का कोई विवाद पैदा होता है तो ऐसा प्रकरण निगम मुख्यालय के प्रबंधक (पोषण आहार) को प्रस्तुत किया जायेगा। प्रबंधक (पोषण आहार) इस संबंध में आवश्यक निर्णय ले सकेंगे। प्रबंधक द्वारा लिये गये निर्णय से असंतुष्ट होने की दशा में प्रकरण निगम के प्रबंध संचालक को प्रस्तुत किया जायेगा जो ''आब्रिट्रेटर'' के रूप में अपना निर्णय देगें। आब्रिट्रेटर के निर्णय से असंतुष्ट होने की दशा में प्रकरण केवल भोपाल जिले के लिये अधिकृत न्यायालय मे प्रस्तुत किया जा सकेगा।

11. निविदा प्रस्तुत करने का अर्थ यह होगा कि निविदाकर्ता द्वारा ई–निविदा की समस्त शर्तो को भलीभांति पढ़ कर समझ लिया है व उनके द्वारा सामग्री का भौतिक निरिक्षण कर लिया है और सभी परिस्थितियों से आश्वश्त हो कर निविदा शर्तों को स्वीकार करने के उपरांत ही उसके द्वारा ई–निविदा प्रस्तुत की गई है।

प्रबंधक (पोषण आहार)

<u>प्रपत्र क्र.–2</u>

## :: अनुबंध–पत्र ::

(राशि रू. 1000/– के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर नोटराइज किया जाना है )

यह अनुबंध आज दिनांक ......................................... को मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम जो कि कम्पनी अधिनियम 1956 के अंतर्गत गठित शासकीय उपक्रम है तथा जिसे आगे ''निगम'' कहा जावेगा एवं मेसर्स ........................................................................... की ओर से श्री................................. जिनके हस्ताक्षर अनुबंध पर है, जिन्हें आगे अनुबंधकर्ता कहा जावेगा, के बीच निष्पादित किया गया है ।

यह कि निगम द्वारा समाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशित कर पोषण आहार संयंत्र बाड़ी में उपलब्ध कच्ची सामग्री के विक्रय हेतु ई–निविदा दिनांक .............. को आमंत्रित की गई एवं निविदाकर्ता द्वारा ई–निविदा प्रपत्र निगम की ओर से क्रय करते हुए एवं शर्तो को मान्य करते हुए ई–निविदा में भाग लिया गया है । ई–निविदा प्रपत्र भी इस अनुबंध का हिस्सा है।

निगम द्वारा पत्र क्रमांक ................ दिनांक ................ से निविदाकर्ता की ई–निविदा में उल्लखित दरों को मान्य करते हुए अनुबंध करने बाबत् कार्यवाही की गई है ।

निगम द्वारा अनुबंधकर्ता की पोषण आहार संयंत्र में उपलब्ध कच्ची सामग्री ..............................के विक्रय हेतु दरों को स्वीकृत किया गया है एवं अनुबंधकर्ता निविदा की निर्धारित शर्तों अनुसार निगम में कार्य करने हेतु सहमत है ।

निम्नानुसार दस्तावेज/दस्तावेजों में उल्लेखित शर्ते एवं नियम अनुबंध का हिस्सा होंगे एवं अनुबंधकर्ता को मान्य होगें । शर्तों एवं नियमों का अनुबंधकर्ता उल्लघंन करता है तो निगम पूर्ण रूप से निगम की शर्तों के अनुसार कार्यवाही करने हेतु पूर्ण रूप से अधिकारी रहेगा ।

1. निविदा प्रपत्र में उल्लेखित सभी शर्ते ।
2. निगम द्वारा क्रेता की दरों को स्वीकृत/ प्रतिप्रस्तावित दरों की सूचना दिये जाने संबंधित पत्र।।
3. निविदाकर्ता द्वारा प्रस्तुत निविदा व अन्य जानकारियां ।

उक्तानुसार उल्लेखित दस्तावेजों के उल्लेखित नियम व शर्ते अनुबंध का हिस्सा रहेंगे । अनुबंध के संबंध में निगम के प्रबंध संचालक का निर्णय अंतिम ओर मान्य रहेगा ।

उक्तानुसार विवरण के आधार पर दोनों पक्ष के मध्य अनुबंध उल्लेखित दिनांक को संपादित किया जाता है ।

अनुबंधकर्ता

नाम :
पता :
1.गवाह का नाम एवं पता
हस्ताक्षर
2. गवाह का नाम एवं पता
हस्ताक्षर

प्रबंधक (पोषण आहार)

नाम :
पता :
1.गवाह का नाम एवं पता
हस्ताक्षर
2. गवाह का नाम एवं पता
हस्ताक्षर

प्रपत्र क.–3

# FINANCIAL BID IN EXCEL SHEET

**THE M.P. STATE AGRO INDUSTRIES DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**

**FOR SELLING OF ITEMS AT BADI PLANT**

The rate is to be quoted in the proforma given below through online (i.e., the price bid is to be uploaded through e-portal). The rates should be quoted for the Unit as mentioned against each item.

Name of the Bidder ............................................................................
Address ---------------------------------------------------------------

| SR | Item | Unit | RATE PER UNIT | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | RATE (Rs.) | GST (Rs.) | TOTA (Rs.) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 (4+5) |
| 1. | | KILOGRAM | | | |
| 2. | Barfi Bags | KILOGRAM | | | |
| 3. | Halwa Bags | KILOGRAM | | | |
| 4. | Khichdi Bag 625gm | KILOGRAM | | | |
| 5. | Khichdi Bag 750gm | KILOGRAM | | | |
| 6. | Khichdi Bag 900gm | KILOGRAM | | | |
| 7. | Laddu Bags | KILOGRAM | | | |
| 8. | Sabla Barfi Bags | KILOGRAM | | | |
| 9. | Bal Aahar Film | KILOGRAM | | | |
| 10. | Barfi Film | KILOGRAM | | | |
| 11. | BARFI OLD FILM | KILOGRAM | | | |
| 12. | Halwa Film | KILOGRAM | | | |
| 13. | HALWA OLD FILM | KILOGRAM | | | |
| 14. | Khichdi Film 625 Gm | KILOGRAM | | | |
| 15. | Khichdi Film 625gm Old Film | KILOGRAM | | | |
| 16. | Khichdi Film 750 Gm | KILOGRAM | | | |
| 17. | Khichdi Film 750gm Old Film | KILOGRAM | | | |
| 18. | Khichdi Film 900 Gm | KILOGRAM | | | |
| 19. | Laddu Film | KILOGRAM | | | |
| 20. | Laddu Old Film | KILOGRAM | | | |
| 21. | Sabla Barfi Film | KILOGRAM | | | |
| 22. | Sabla Barfi Olf Film | KILOGRAM | | | |

| क. | सामग्री | Unit | RATE (Rs.) | GST (Rs.) | TOTA (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Make Up | NOS. | | | |
| 2. | Printing Ink | NOS. | | | |
| 3. | Thiner | NOS. | | | |
| 4. | Thread | NOS. | | | |
| 5. | TTO PRINTER RIBBON | NOS. | | | |

| क. | सामग्री | Unit | RATE (Rs.) | GST (Rs.) | TOTA (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | COAL | METRIC TON | | | |

| क. | सामग्री | Unit | RATE (Rs.) | GST (Rs.) | TOTA (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | FORTIFIED RICE KERNAL P1 | KILOGRAM | | | |
| 2. | FORTIFIED RICE KERNAL P2 | KILOGRAM | | | |
| 3. | FORTIFIED RICE KERNAL P3 | KILOGRAM | | | |
| 4. | GARAM MASALA | KILOGRAM | | | |
| 5. | Gram Dal | QUINTAL | | | |
| 6. | HALDI POWDER | KILOGRAM | | | |
| 7. | MILK POWDER | KILOGRAM | | | |
| 8. | MIRCH POWDER | KILOGRAM | | | |
| 9. | MOONG DAL | QUINTAL | | | |
| 10. | SALT | KILOGRAM | | | |
| 11. | SOYA FLOUR | QUINTAL | | | |
| 12. | SOYA GRIT | QUINTAL | | | |
| 13. | SUGAR | QUINTAL | | | |
| 14. | MURGI DANA | QUINTAL | | | |
| 15. | VITAMIN PREMIX | KILOGRAM | | | |

| क. | सामग्री | Unit | RATE (Rs.) | GST (Rs.) | TOTA (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HDPE BAG | BUNDLE | | | |
| 2. | JUTE BAG | BUNDLE | | | |
| 3. | HDPE BAG (SUGAR/DAL) | BUNDLE | | | |
| 4. | MILK POWDER BAGS | BUNDLE | | | |
| 5. | HDPE BAG (FCI) | BUNDLE | | | |
| 6. | JUTE BAG | BUNDLE | | | |
| 7. | HDPE BAG (SUGAR/DAL) | BUNDLE | | | |
| 8. | MILK POWDER BAGS | BUNDLE | | | |

**Signature of the Bidder along with seal**